प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 28.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

.....................

- पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का आज नई दिल्ली के निगम बोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।
- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी।
- मौसम में नये तंत्र के प्रभाव से प्रदेशभर में कई स्थानों पर मावठ और कुछ जगहों पर ओलावृष्टि–किसानों के चेहरे खिले–कोहरे ने बढ़ाई दिक्कतें।
- आरपीएससी ने अगले साल आयोजित होने वाली विभिन्न भर्ती परीक्षाओं का प्रस्तावित कार्यक्रम जारी किया।

.....................

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार आज किया जाएगा। नई दिल्ली स्थित निगम बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ डॉ. मनमोहन सिंह को अंतिम विदाई दी जायेगी। इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को उनके आवास से कांग्रेस कार्यालय ले जाया जाएगा और वहां आम जनता और पार्टी के कार्यकर्ता उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। आकाशवाणी का दिल्ली केंद्र सुबह 11 बजे से अपने विभिन्न चैनलों पर अंतिम संस्कार का सीधा प्रसारण करेगा।

.....................

पूर्व प्रधानमंत्री के अंतिम संस्कार में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रियों के साथ ही तीनों सेनाओं के अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। देशभर से भी कई वरिष्ठ नेता और विभिन्न पार्टियों के पदाधिकारी भी अंत्येष्टि में भाग लेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार को कल इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से अनुरोध प्राप्त हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के तुरंत बाद गृह मंत्री अमित शाह ने श्री खरगे और डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार को बताया कि सरकार स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी।

.....................

पश्चिमी विक्षोभ के असर से बने नये तंत्र के प्रभाव से प्रदेशभर में कई स्थानों पर मावठ हुई है और कुछ जगहों पर ओले गिरे है। मौसम में बदलाव से राज्य में सर्दी का असर भी बढ गया है। हालांकि इस मावठ से रबी की फसलों को नया जीवन मिला है। इससे किसानों के चेहरे खिल उठे है। सीकर, झुंझुनूं और शेखावाटी के कई इलाकों में ओलावृष्टि के समाचार है।

.....................

धौलपुर में भी कल बरसात के साथ कुछ स्थानों पर ओले गिरे। हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां आज भी बादल छाये हुए है और धुंध का असर बना हुआ है।

.....................

इधर सीकर, नीमकाथाना, भीलवाडा और राजधानी जयपुर सहित पूर्वी जिलो में कई स्थानों पर हुई मध्यम से तेज बारिश ने सर्दी बढा दी है। दक्षिणी जिलों में भी कल से शुरू हुआ बरसात का दौर रूक–रूक का जारी है। झालावाड में कुछ स्थानों पर ओलो के साथ तेज आंधी के चलते नुकसान के

समाचार है। वहां चन्द्रभागा नदी तट पर चल रहा कार्तिक मेले में कई दुकाने धराशायी हो गई। भरतपुर में बारिश के साथ ही बिजली कडकने से आमजीवन प्रभावित रहा। वहां बाहरी इलाकों में दिन में भी कोहरा छाया हुआ है। पशुपालन विभाग ने किसानों और पशुपालकों से अपने पशुओं का उचित प्रबंध करने और खुले में नहीं बांधने की सलाह दी है। कोटपूतली बहरोड जिले में भी रातभर हुई झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल गये। हालांकि कोहरा छाने और ठण्ड के बढने से लोगों को दिक्कतों का सामना भी करना पड रहा हैं। पश्चिम राजस्थान के कई इलाके घने कोहरे की चपेट में है। दृश्यता कम रहने से वाहन चालकों को असुविधा का सामना करना पड रहा है। बाडमेर और बालोतरा में भी तंत्र के असर से सर्दी बढ गई है। इधर अजमेर में कल दिनभर बारिश के बाद आज भी सुबह से रूक–रूक कर बूंदाबांदी हो रही हैं। डीग, दौसा, करौली, धौलपुर और आस–पास के जिलों में भी बारिश ने ठण्डक बढा दी है।

मौसम विभाग जयपुर केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कल से मौसम शुष्क होने की उम्मीद है लेकिन कहीं–कहीं घना कोहरा छाए रहने और तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

.....................

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने अगले साल आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का प्रस्तावित कार्यक्रम जारी कर दिया है। आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार जनवरी 2025 से दिसंबर महीने तक 31 भर्तियों के लिये कुल 162 परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे युवाओं की मांग पर संघ लोक सेवा आयोग की तरह ही आरपीएससी द्वारा भी भर्ती परीक्षाओं का पूर्व कैलेण्डर जारी किया गया है, जिससे परीक्षार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा। आयोग द्वारा 2025 में प्रस्तावित परीक्षाओं के कार्यक्रम में 10 भर्ती परीक्षाओं के पहले से प्रस्तावित कार्यकम में भी संशोधन किया गया है और 7 अन्य भर्ती परीक्षाओं की प्रस्तावित परीक्षा तिथि को भी शामिल किया गया है। परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम बाद में जारी किया जाएगा।

.....................

प्रदेशभर में आज से विभिन्न केन्द्रों पर संस्कृत शिक्षा वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा शुरू हो रही है। आज सामाजिक विज्ञान और हिन्दी विषय की परीक्षा दो पारियों में आयोजित की जा रही है। परीक्षा में नकल रोकने और व्यवस्था बनाये रखने के लिए आरपीएससी के नये निर्देशों के अनुसार ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा हैं। झुंझुनूं के मोरारका कॉलेज के प्राचार्य सुरेन्द्र सिंह न्यौला ने बताया कि वहां गहन जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया।

.....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मूंग खरीद के लक्ष्य को बढ़ाने सहित खरीद अवधि का भी 5 फरवरी तक विस्तार करने के संबंध में केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर अनुरोध किया है। श्री शर्मा ने राज्य में असमय हुई बारिश और भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मूंग खरीद के लिए गुणवत्ता मापदण्डों में शिथिलता प्रदान करने के लिए भी केन्द्रीय मंत्री से आग्रह किया है।

.....................

नये साल के स्वागत में कुछ दिन शेष रहते प्रदेशभर के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की रौनक बढ गई है। उदयपुर, माउंटआबू, जोधपुर, जयपुर सहित स्वर्ण नगरी जैसलमेर में इन दिनों बडी संख्या में देशी विदेशी सैलानी सैर सपाटे को पंहुचे है। हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि वहां सौनार किला और पटवा हवेली सहित सम के धोरे सैलानियों से आबाद हो गये है।

.....................